हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 31 मई 2025

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 दिव्यांग बच्चों का आश्रय घरौंदा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



12 कुसुमकसा सुशासन शिविर में समस्याओं को ...





## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

**बालोद।** ग्राम फरदफोड़ से भण्डेरा के बीच मुख्य मार्ग मे ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। ग्राम भण्डेरा निवासी योगेश कुमार कुर्रे ने बताया कि बेटा निखिल कुर्रे अपने दोस्त मनोज कुमार डहरिया के साथ बाईक मे कही जा रहा था। इस दौरान फरदफोड़ से भण्डेरा मार्ग के बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। बाईक से गिरने के बाद निखिल के जांघ, हाथ, सिर और मनाज के पैर मे गंभीर चोट लगी थी। राजनांदगांव अस्पताल मे ईलाज कराकर रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे। देवरी थाने मे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

### सिकोसा में ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**बालोद।** सिकोसा स्थित रेल्वे स्टेशन मे उस वक्त अफरा तफरी की स्थिति बन गई जब वहां आ रहे एक ट्रेन की चपेट मे एक व्यक्ति आ जाने के कारण से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम 5 बजे ग्राम बिरेतरा निवासी मुरली राम यादव 48 वर्श जो सिकोसा स्टेशन मे आ रहे एक ट्रेन के नीचे आ गया जिसके कारण उसके दोनो पैर व हाथ ट्रेन की चपेट मे आने से कट गया व सिर मे चोट लग गया था जिसके बाद आस पास के लोगो के साथ पुलिस द्वारा व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरो द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोशित कर दिया गया। वही व्यक्ति के ट्रेन के नीचे आकर मृत्यु के मुख्य कारणो की जांच मे पुलिस जुटी हुई है।

### कुरदी व गुरुर धनोरा में समाधान शिविर आज

**बालोद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई 'सुशासन तिहार 2025' के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 मई को नगर पंचायत पलारी के नगर पंचायत भवन, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी के धान खरीदी केन्द्र और गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा के खेल मैदान में 'समाधान शिविर' का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि नगर पंचायत पलारी में समस्त वार्डवासी, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कुरदी में आयोजित शिविर में कुरदी के अलावा ग्राम खेरूद, कोडेवा, धनगांव, डुण्डेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, सांकरी, खुटरी (खे.), पैरी, गोंगरी, सलौनी के निवासी शामिल होंगे। इसी तरह गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा में आयोजित शिविर में धनोरा के अलावा ग्राम सोरर, बगदई, सोंहपुर, अर्जुनी, रमतरा, सुर्रा, भानपुरी, छेड़िया, कपरमेटा, टेंगना बरपारा, भरदा शेष पेज 12 पर

# दुर्ग जिला कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर, अंबा कार्यकर्ता गांव-गांव में सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

महिला एवं बाल विकास जिला दुर्ग कुपोषण से सुपोषण की ओर अग्रसर है विभाग द्वारा कुपोषण को कम करने के लिए समुदाय में पोषण संबंधी जागरूकता आए इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है जिसमें सभी कुपोषण मुक्ति के चयनित ग्राम पंचायतों में सतत गृहभेट आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है ।

अजय कुमार साहू जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला दुर्ग ने बताया कि कुपोषण मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान से लोगों में जागरूकता आ रही है कई स्थानों पर चिप्स , कुरकुरे और अन्य प्रकार के पैकेट वाले खाद्य पदार्थ कुपोषित बच्चों के सेहत को खराब कर रहे है यह जानकारी परिवारों को होने पर अब धीरे धीरे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे है ।

ऐसी ही कहानी परियोजना दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम गनियारी के आंगनबाड़ी केंद्र 01 की कुपोषित बालिका कृषा ठाकुर उम्र 2 वर्ष 6 माह की है जो की मध्यम कुपोषित में थी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जब गृहभेट में गई तो उसने देखा की बालिका को बाहरी पैकेट वाले फूड खाने की आदत थी इस कारण से उसका वजन नहीं बढ़ रहा था और उसे सामान्य में आने के लिए 800 ग्राम की कमी थी।

## चिप्स, कुरकुरे और अन्य पैकेट फूड से बचने की दी सलाह



### खान-पान संबंधी सलाह दी

फिर कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास नियमित गृहभेंट करके खान-पान संबंधी सलाह दी और सबसे पहले बाहर के पैकेट वाले चिप्स और अन्य खाद्य पदार्थों को न खिलाने की समझाइश दी।गृहभेट के दौरान शशि रैदास पर्यवेक्षक द्वारा घर के बने हुए भोजन, रेडी टू ईट का नियमित उपयोग ,अंकुरित अनाज, चना गुड़ मूंगफली और मौसमी फल को शामिल कराया गया ।महिला बाल विकास विभाग द्वारा दिए गए डाइट चार्ट को पढ़ाकर समझाया और घर वालों को इसका नियमित पालन करने के लिए कहा गया। बच्चे की मां ने कार्यकर्ता की सलाह को मानते हुए सभी उपाय अपनाएं । बाल संदर्भ योजना का लाभ भी भी दिलाया गया नियमित दवाई भी पिलाई गई । कार्यकर्ता द्वारा नियमित गृहभेंट कर निगरानी की गई। 4 माह तक लगातार प्रयास से कृषा का वजन 9.2 से बढ़कर 10.2 किलोग्राम हो गया । सामान्य में आने से बालिका की माता को बहुत खुशी हुई उसने यह शेष पेज 12 पर

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया

# ग्राम भरर के सुशासन शिविर में 3095 में से 3081 आवेदनों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सुशासन त्यौहार के तहत भरर में शिविर का आयोजन गुरुवार को हुआ। ग्रामीणों की समस्याओं का व्यापक समाधान किया करते हुए 3095 आवेदनों में से 3081 का त्वरित निराकरण एसडीएम लवकेश धुरव एवं जनपद सीईओ जोगेंद्र साहू की उपस्थिति में किया गया। शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही की गई। शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान किया। जिसमें जॉब कार्ड, नवीन राशन कार्ड, दिव्यांग युवती को व्हीलचेयर, मछुवारा समूह को आइस किट, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र और पूर्ण आवास की चाबियों का आदि

■ स्वास्थ्य जांच कर नि :शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए



वितरण हुआ। विभागों ने सक्रियता के साथ निपटाए प्रकरण विभिन्न विभागों के स्टॉल पर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर निरूशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया, जिससे सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित हुए।




### सुशासन शिविर समस्याओं के निवारण का प्लेटफार्म

शिविर के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शिविरों का लगातार आयोजन छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारी सक्षम अधिकारी सभी एक ही स्थल पर उपलब्ध होते है साथ में जनप्रतिनिधि भी सहायता निगरानी के लिए उपलब्ध होते है। भरपूर लाभ आम जनता शेष पेज 12 पर

### शिविर में अधिकारी और नेता सक्रिय रहे

शिविर में एसडीएम लवकेश धुरव, जनपद सीईओ जागेंद्र साहू, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, भाजयुमो नेता नारद साहू, जनपद सभापति रवि सिन्हा, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, प्रणव शर्मा, भरर सरपंच कोशिल्या छबिलाल साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश चंद्राकर, भगवान सिंह चंद्राकर, रूपसिंह सिन्हा, नारद साहू, बेनी राम साहू, दानी वर्मा, राजेश बंछोर, नरेश केला, अरुण चंद्राकर, अंगेश्वर साहू, कन्हैया लाल साहू, मुकेश साहू, विजय साहू, मोगन सपहा, जिनेश जैन, मुकुंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# चंद्रनाहूं कुर्मी समाज का दो दिनी महाधिवेशन आज से, समापन में मुख्यमंत्री होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश का दो दिवसीय 54 वाँ महाधिवेशन 31 मई एवं 1 जून को आयोजित है। दो दिवसीय महाधिवेश के दूसरे दिन के समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। 36 फोर्ट, ग्राम-कोलिहापुरी दुर्ग 55 वाँ वार्षिक अधिवेशन दुर्ग राज- प्रथम दिवस -प्रथम सत्र अतिथि आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी वित्त होंगे।

अतिथि ललित चन्द्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) श्री विनोद चन्द्राकर जी अध्यक्ष-चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज छ.ग. प्रदेश माननीय श्री अश्वनी चन्द्राकर जी पूर्व अध्यक्ष-च.कु.क्ष. समाज छ.ग. प्रदेश अध्यक्षता प्रदीप चन्द्राकर जी अध्यक्ष-चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज विशेष अतिथि श्रीमती तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर जी, अध्यक्ष-जि. पं. बालोद पुरुषोत्तम चन्द्राकर जी, अध्यक्ष-ज.पं. गुंडरदेही श्रीमती प्रतिमा रमेश चन्द्राकर जी, अध्यक्ष-ज.पं. राजनांदगांव श्री उपकार चन्द्राकर जी, प्रदेश महामंत्री-भाजपा युवा मोर्चा गुलशन चन्द्राकर जी, सदस्य-जिला पंचायत बालोद श्री



पुष्पेन्द्र चन्द्राकर जी, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ श्रीमती योगिता चन्द्राकर जी, प्रदेश अध्यक्ष-महिला प्रकोष्ठ श्री सुनील चन्द्राकर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसी तरह 1 जून 2025, रविवार को सुबह 09.00 बजे से 09.30 बजे ईष्टदेव एवं महापुरुषों के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना, माल्यार्पण सुबह 09.30 बजे 10.00 बजे तक पदाधिकारियों का परिचय (राज अध्यक्ष / सचिव का प्रतिवेदन) सुबह 10.00 बजे सुबह 10.30 बजे तक युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा सुबह 10.30 से 12.00 बजे तक आय-व्यय का पठन एवं अनुमोदन महासचिव का प्रतिवेदन सामाजिक पदाधिकारी एवं अतिथियों का उद्बोधन दोपहर 12.00 बजे से आय-व्यय का शेष पेज 12 पर

# समाधान शिविर में कांग्रेस ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही



ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष भोजराज साहू के द्वारा ब्लाक के ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा को ग्राम रजोली के समाधान शिविर में सौंपा गया।

ज्ञापन में गुरुवार 29 मई को उपपंजीयक कार्यालय गुण्डरदेही में ग्राम भुसरेंगा के किसान रामकुमार साहू द्वारा जमीन के रजिस्ट्री न हो पाने के कारण मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर जहर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास, वही 27 मई को ग्राम सिर्राभांठा के बैगा स्व पुनितराम ठाकुर के अंधविश्वास के चलते नरबलि देने वाली हृदय विदारक घटना एवं खरीफ फसल के तैयारी में लगे किसानों को डीएपी. खाद की भारी किल्लत का सामना जैसे समस्याओं का तत्काल उचित समाधान निकालने का मांग किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज साहू ने कहा कि एक तरफ सरकार सुशासन तिहार मना रही है लेकिन शेष पेज 12 पर

# पूर्व सैनिक परिषद की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला बालोद द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना हेतु हॉस्पिटल को मान्यता दिलाने, जिले के सभी ब्लॉक में निःशुल्क अग्निवीर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु निर्णय लिया गया। बालोद में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं पूर्व सैनिकों का बैठक किया गया। जिसमें पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं पदाधिकारी को बताया गया।

जिसमें स्वास्थ्य से संबंधित पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के लिए बालोद जिले में सर्व सुविधायुक्त अस्पताल को मान्यता दिलाने का प्रस्ताव लिया गया, जिसके लिए सभी पूर्व सैनिक कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही आने वाली अग्नि वीर भतएँ के लिए जिले के सभी ब्लॉक में निःशुल्क फिजिकल के साथ साथ रिटर्न की तैयारी भी पूर्व सैनिक सेवा परिषद कराएगा ताकि युवा ज्यादा से ज्यादा इंडियन आमएँ में भतएँ हो सके और देश की सेवा कर सके जिसके लिए ट्रेनिंग टीम का गठन किया गया है जो 10 जून से आरंभ होगी। बैठक में जिला प्रभारी केपी तिवारी, जिला अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र डडसेना, सचिव इंद्रसेन सिंहा, सहसचिव कोमल साहू, बालोद जिला ब्लाक अध्यक्ष किशोर नाथ योगी, गुरु ब्लॉक अध्यक्ष भगवती प्रसाद, गुण्डरदेही ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश साहू, कार्यकारिणी सदस्य एजाज खान, हेमंत साहू, शैलेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, विष्णु साहू, चंद्रशेखर सिन्हा, डीपी मानिकपुरी, खिलू राम साहू, लेखराम साहू उपस्थित थे।

# 220/132 केवी बिजली उपकेंद्र की स्थापना देवरी में की जाएगी



**डौंडीलोहारा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले को ऐसी सौगात दी है जो आने वाले वर्षों तक क्षेत्र के विकास की रीढ़ बनेगी। देवरी में 500 करोड़ की लागत से बनने वाले 220/132 केव्ही उच्चदाब उप केंद्र की घोषणा और जुनवानी से देवरी तक सड़क निर्माण के लिए 11.47 करोड़ की स्वीकृति को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। यह घोषणा केवल एक विद्युत परियोजना नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की सुशासन और दूरदृष्टि का प्रमाण है, जिसका उद्देश्य जनता को मूलभूत सुविधाएं बेहतर गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना है।

इस ऐतिहासिक निर्णय पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि यह उप केंद्र क्षेत्र के लिए एक 'ऊर्जा क्रांति' है। यह निर्णय साबित करता है कि भाजपा सरकार वादों की नहीं, कार्यों की राजनीति करती है। सुशासन का मतलब यही है - योजनाएं कागज से निकलकर धरातल पर दिखें। मुख्यमंत्री श्री साय ने बालोद को विकास के मानचित्र पर नई शेष पेज 11 पर

## गणित में उत्कृष्ट नवाचार के लिए मिला सम्मान

# राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान लीना साहू को मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

ग्राम कुथरेल निवासी एवं शासकीय स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,कोइलीबेड़ा कांकेर के शिक्षक सुश्री लीना साहू को एस सी ई आर टी कैम्पस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) शंकर नगर, रायपुर में गणित में उत्कृष्ट नवाचार के लिए राष्ट्रीय नवाचार गतिविधियाँ,भारत के द्वारा /"राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 2025/" सम्मान से दिनांक 29 मई 2025 को मुख्य अतिथि श्री जे.पी. रथ अपर संचालक,राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, डॉ. बी. रघु सहायक संचालक कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री बी.एल. देवांगन प्राचार्य, जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) रायपुर, विशेष अतिथि डॉ. एस. के. जैन,श्री के .के .साहू के द्वारा सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर राष्ट्रीय नवाचारी समूह, भारत के प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी एवं छत्तीसगढ़ की एडमिन टीम उपस्थित थे। इस सम्मान के लिए कई चरणों के बाद अवार्ड के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों का चयन हुआ। यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में एवं बच्चो के शैक्षणिक विकास के लिए विभिन्न नवाचारों के द्वारा विषयवस्तु को कक्षा कक्ष में शैक्षिक अधिगम को स्पस्टता से समझाने के लिए प्रदान किया जाता है। कु .लीना साहू के पिता श्री खेमराज साहू भी राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार एवं कई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक है।

राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2024- 25 प्राप्त होने पर श्री सीता राम ठाकुर, महासचिव, छत्तीसगढ गोंडवाना समाज, श्री शैलेंद्र गुप्ता,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विद्यार्थी परिषद, श्रीमती सुशील साहू, उपाध्यक्ष, तहसील साहू संघ,दुर्ग, श्रीमती भुनेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष, परिक्षेत्रिय साहू समाज,कुथरेल, श्री आर. बी. बारी संचालक, मॉडल पब्लिक स्कूल,दुर्ग, श्री खेमराज साहू ,राज्यपाल अवार्डी शिक्षक, श्री ताम लाल चौधरी पूर्व सरपंच,निकुम, दाऊ पुरुषोत्तम चौधरी आमटी, चुम्मन साहू, श्री रेमन राज साहू, श्रीमती संतोषी साहू, श्रीमती प्रभा साहू, रोशन कुमार साहू, राहुल गजपाल, एवं डालेंद्र देशमुख ने बधाईयाँ दी है।

# अहिल्या बाई जयंती पर मातृशक्तियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नगर पालिका मे अपने अध्यक्ष कक्ष मे सभी मातृशक्ति का गुलाल लगाकर सम्म्मान किया।



इस कार्यक्रम मे पेंशनर समाज से डॉ. चौवड़ा ने कहा की भारत की विरासत, परंपराओं और शक्ति को समृद्ध करने में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रमुख तीर्थ मंदिरों के साथ देश में फैली सांस्—तिक विरासत को संरक्षित कर उन्होंने सनातन संस्—ति की धारा अविरल रखने का भगीरथ कार्य किया। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण धर्म और प्रजा के उत्थान में लगाया। प्रतिभा चौधरी ने कहा लोकहितकारी शासक के रूप में अहिल्याबाई होल्कर जी के महिला सशक्तीकरण एवं जनकल्याण के कार्य युगों—युगों तक प्रशासकों के लिए एक उत्तम उदाहरण रहेंगे। ऐसी महान विभूति की जन्म जयंती पर उन्हें शत—शत नमन। इस कार्यक्रम मे मुख्यरूप से तिवारी, सातो बाई, भूपेश्वरी ठाकुर, यादव, झामिन ढीमर, छबि सार्वा, प्रीतीबाला साहू, पुष्पा साहू पार्षदगण मे किरण साहू, कुंती साहू, आशा पटेल, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, राजू पटेल सभापति लो.नि.वि. न.पा.प., प्रीतम शेखर यादव, गोकूल ठाकुर, संतोष पाठक भाजपा.कार्यकर्ता, वैभव राखेचा उपस्थित थे।

# साडा कार्यकाल में रियायती दर पर प्लाट खरीदी पर बनाया नहीं, 1500 लोगों को अल्टीमेटम

## एमआईसी के फैसले के बाद 1500 भूखंडधारियों को 31 मार्च 2026 तक निर्माण करने का समय तय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

पूर्व साडा एवं वर्तमान नगर पालिक निगम भिलाई में 1500 से अधिक भूखण्डों के मालिक है। जिनके द्वारा आवासीय, आवास सह व्यवसाय एवं व्यवसायिक भूखण्ड खरीद कर रखा गया है, उनके द्वारा मकान नहीं बनाया जा रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा उन्हे बार-बार नोटिस दिया जा रहा है, मकान बनाने के लिए। जिस समय भूखण्ड आबंटन किया गया था, उस समय रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि 2 वर्ष के अंदर मकान बनाना अनिवार्य रहेगा। जिन्हे मकान एवं दुकान की आवश्यकता थी, उनके द्वारा मकान बना लिया गया है। बहुत से ऐसे नागरिक है, जो इनवेस्टमेंट के नाम पर नगर निगम से भूखण्ड खरीद लिए है, वे मकान नहीं बना रहे है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों द्वारा भी की जा रही है। उक्त मकानों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए है। पड़ोसियों द्वारा कूड़ा कचरा फेंका जा रहा है। सांप बिच्छू निकल रहे हैं। इससे निगम की बहुत क्षति हो रही है। भूखण्ड आबंटन की शर्ते यही होती थी कि संबंधित व्यक्ति के नाम पर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में निवास या व्यापार के लिए अन्य भूखण्ड नहीं होना चाहिए।



### अधिभार जमा करना होगा 1500 लोगों को

पूर्व में महापौर परिषद एवं सामान्य सभा के माध्यम से भी समय-समय पर मकान बनाने की अंतिम तिथि बढ़ाई जाती रही थी, परन्तु अब केबल 10 माह शेष है। 31 मार्च 2026 के बाद कोई सुनवाई नहीं होगी। मकान बनाने से पूर्व उन्हे नगर निगम भिलाई में रिक्त भूमि का अधिभार जमा करना पड़ेगा, ततपश्चात नियमानुसार भवन अनुज्ञा प्राप्त करना होगा। तब जाकर कहीं भवन निर्माण किया जा सकता है।

### प्रियदर्शनी सहित इन पॉश कालोनियों में लिया प्लाट

शुरू में सस्ते दरों पर नेहरू नगर, प्रियदर्शिनी परिसर, राधिका नगर, पावर हाउस, जवाहर नगर, दक्षिण गंगोत्री, सुपेला मार्केट, होजयारी मार्केट आदि जगहों पर प्लाट ले लिया गया है। जो शुरू में क्षेत्रफल के अनुसार लगभग 80 से 90 हजार रूपये का प्लाट होगा, उसकी कीमत अब उसके बाजार भाव के अनुसार 50 लाख से अधिक की हो गई है। कुछ ऐसे भी लोग है, जो वर्तमान में भिलाई शहर से अन्य शहरों या विदेशो में निवास कर रहे है, उनके द्वारा भी भूखण्ड लेकर इनवेस्टमेंट के नाम पर छोड़ दिया गया है। कुछ ऐसे भी प्लाट है, जो क्रेता-विक्रेता आपस में खरीदी बिक्री कर लिए है। उनका पूर्व में निगम द्वारा आबंटित तिथि से ही रजिस्ट्री मान्य किया जाएगा।

### अंतिम नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक के दौरान आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी एवं भवन अनुज्ञा अधिकारी अरविंद शर्मा को अंतिम बार नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किए कि सभी को सूचित कर देवें। अब आगे इस संबंध में किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं होगी। बैठक के दौरान सुशासन तिहार के आवेदनों को 31 मई तक निराकृत करने, जल कर एवं संपत्तिकर की वसूली, बरसात से पूर्व नालों की सफाई, निर्माण से संबंधित बिन्दुओ पर आयुक्त द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, लेखाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, जोन के राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्थापना शाखा आदि के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणी पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा थे। एसएमएस-3 विभाग के बृजनन्दन राम, दिलीप कुमार, लोचन कुमार ठाकुर, नारायण गौतम, विनय कुमार सिंह तथा गंगाधर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन को सराहा।
इस अवसर पर महाप्रबंधक पुष्पा एमब्रोस, डीएल कुमार, पी सतपथी, एसके मिश्रा व डीके वार्ष्णेय, उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, सोनू चौरसिया और एलसी गुप्ता ने किया।

### बीएसपी को मिलेगा ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड



**भिलाई।** स्वास्थ्य संवर्धन के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान संयंत्र को प्रमोशन ऑफ हेल्थकेयर श्रेणी में प्रदान किया जाएगा।यह राष्ट्रीय पुरस्कार सीएसआर समिट के दौरान 14 जून को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार समिति के जूरी सदस्यों ने संयंत्र की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सीएसआर पहलों का व्यापक मूल्यांकन करने के बाद इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयन किया है। इन पहलों में निरंतरता, प्रभाव और व्यापकता जैसे मापदंडों पर संयंत्र का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया अवार्ड 2025 के लिए पुरस्कार घोषणा पत्र कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को सीएसआर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जीएम शिवराजन, टीए राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक एसके कामड़े व उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे।

### पूरे देश में एक समान हो परिवहन कानून

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा अपनी ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं के निदान के लिए ट्रांसपोर्टरों को एकजुट करने का प्रयास तेज कर दिया है। एसोसिएशन की रामजानकी मंदिर में हुई बैठक में संगठन को प्रदेश स्तर पर मजबूत करने के साथ कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में भिलाई व रायपुर के ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि बैठक में यूनियन को नए सिरे से मजबूत करने पर सहमति ली गई, प्रदेश में जिला वार संगठन बनाने,चेकपोस्टों पर मनमानी वसूली , कुम्हारी टोल नाका पर दबंगई से अवैध वसूली व उड़न दस्ता की मनमानी पर चर्चा हुई।

## शिविर में आवेदनों के संबंध में जानकारी मांगने पर वेबसाइट पर जाकर जांच करने की सलाह गई

# कुसुमकसा सुशासन शिविर में समस्याओं को निपटारा के नाम पर की गई कागजी खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

सुशासन तिहार के अंतर्गत तृतीय और अंतिम चरण में डोंडी विकासखंड के कुसुमकसा के हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर का आयोजन किया गया उक्त। शिविर में ग्राम पंचायत कुसुमकसा सहित गिधाली, अरमुरकसा, पथराटोला, कारूटोला, बिटाल, खम्हारटोला, धोबेदंड, भर्रीटोला 43,रजही, चिपरा, धुरवाटोला के ग्रामीण दिए गए आवेदन के समाधान की जानकारी लेने पहुंचे थे जहा ग्रामीणों ने आवेदनों के कागजी तौर पर निराकरण कर खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाया।

उक्त समाधान शिविर में विकासखंड स्तर के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए ,किसी भी विभाग में जिला स्तर के अधिकारी नही पहुंचने से आवेदको में निराशा रही। कार्यक्रम का शुभारंभ तोमन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद के मुख्य अतिथि,वेद बाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा की अध्यक्षता व लाल निर्वेंद्र सिंह टेकाम अध्यक्ष नगर पंचायत डोंडी लोहारा,मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी, भोलाराम नेताम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी, नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती मंजू बैस जनपद सदस्य,तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य, योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मंडल डोंडी ,नितिन जैन उपसरपंच के विशेष अतिथि में हुआ ,छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में पूजा अर्चना ,दीप प्रज्वलित कर तथा राजगीत गायन कर किया गया।



### सभी आवेदनों का किया निराकरण

जनपद पंचायत डोंडी के अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार सुशासन तिहार में दिए गए समस्त आवेदनों का निराकृत होने की जानकारी दी गई , ग्राम पंचायत कुसुमकसा में 879, गिधाली में 495,भर्रीटोला43 में 124,चिपरा में 455, रजही मे268, पथराटोला में 179, अरमुरकसा में 417, कारुटोला में 271, धोबेदड में 519, बिटाल में 296, खम्हारटोला में 215, धुरवाटोला में359 आवेदन मांग एवं शिकायत के आए थे ,उन सभी आवेदनों का निराकृत होने की जानकारी दी गई ,जिसको देख कर लगता है की सुशासन तिहार के आवेदनों का कागजों में ही निराकृत बताकर समाधान शिविर को सौ प्रतिशत सफल होना बताया जा रहा है ,धरातल में वस्तुस्थिति कुछ और ही है। कुसुमकसा के अनिल सुथार ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर सुशासन तिहार में दिए गए आवेदन के समाधान की जानकारी चाही तो विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डोंडी द्वारा दिए गए आवेदन को उच्च कार्यालय को भेज कर निराकृत बता दिया है , ,जिस पर अनिल सुथार ने कहा की दिए गए आवेदन का समाधान लगाए गए शिविर में नहीं होने से ऐसे शिविर लगाने का कोई ओचित्य नहीं होने की बात कही और अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे,जिसके बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद द्वारा पत्र क्रमांक 3278 दि.30_05_2025 का जारी कर शासन द्वारा ग्राम पंचायत कुसुमकसा में नवीन 20बिस्तर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है जिसके कारण उक्त स्वास्थ्य संस्था में पदस्थ अनुबंधित चिकित्सा अधिकारीयो को अन्यंत्र स्वास्थ्य संस्था में चिकित्सकों की आवश्यकता /कमी के कारण आमजनो के स्वास्थ्य लाभ के दृष्टिगत कार्यादेश दिए जाने की जानकारी मोबाइल में दी गई तब मामला शांत हुआ।

### शिविरों में सभी समस्याओं का हो रहा है निराकरण : तोमन साहू

मुख्य अतिथि के आसंदी से तोमन साहू ने कहा विष्णु देव की सरकार मे सभी कार्य समय से पूर्ण हो रहे है और लोगो की छोटी छोटी कार्यों के लिए अब कार्यालय भटकने की जरूरत नहीं पूरा कार्य अब सुसासन शिविर मे हो रहा है आने वाले समय मे जो जो मांगे होंगी वो हम सब मिल कर जल्दी पूरा करेंगे ,कार्यक्रम को मुकेश कोडो,वेदबाई पिस्दा ने भी संबोधित किया समस्त अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरिछन किया ,इस दरम्यान संजय बैस,हितेश साहू ,विजय डडसेना ,राकेश द्धेदी,सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सुशासन तिहार में दिए गए आवेदनो के असंतोषप्रद निराकरण की स्थिति में की गई शिकायत का कोई भी विकल्प उपलब्ध नहीं कराया गया है ,शिविर में प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी देना है ,शिविर में आवेदनों के संबंध में जानकारी मांगे जाने पर वेबसाइट पर जाकर जांच करने की सलाह दी जा रही है ,असंतोषप्रद निराकरण पर भी जवाब नही दिया गया। लोक निर्माण विभाग के स्टाल पर विभाग द्वाराआयुर्वेदिक ओषधालय में किए गए निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुए कार्य स्थल पर शासन के नियमानुसार सूचना पटल लगाया जाना है या नही के संबंध पर पूछने पर स्टाल पर उपस्थित सब इंजीनियर द्वारा गोल मटोल जवाब देकर बचते रहे ,क्योंकि निर्माण स्थल पर कोई सूचना पटल नही लगाया गया है।

# अहिल्या बाई जयंती पर चिखलाकसा में श्रमदान करके की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दल्लीराजहरा

महान समाज सुधारिका और लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर पंचायत चिखलाकसा द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 05, तालाब क्षेत्र चिखलाकसा के आस-पास आयोजित हुआ, जहाँ श्रमदान कर सफाई कार्य किया गया।

इस अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें प्रशासन, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों ने एकजुट होकर भागीदारी की। कार्यक्रम में मुख्य नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, पार्षद बसंत कुरेटी, हेमकुंवर तारम, हितेश कुमार, गोविन्द शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी, स्वच्छता दीदी और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष कुंती देवांगन ने कहा, स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, यह एक जन-आंदोलन है। देवी अहिल्या बाई होलकर के आदर्शों को अपनाकर हम समाज में सफाई, सेवा और समर्पण की भावना जागृत कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी ने बताया कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

स्थानीय नागरिकों ने भी सफाई में सक्रिय भाग लेकर एक सकारात्मक संदेश दिया कि स्वच्छ भारत के निर्माण में हर नागरिक की भूमिका अहम है। चिखलाकसा ने इस आयोजन ने साबित किया कि जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और जनता एक साथ आते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता का प्रतीक बना, बल्कि एकता, सेवा और समर्पण का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# बच्चे सीख रहे कला संगीत के गुर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल द्वारा मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल बीएमवाय चरौदा में बीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक शिविर 25 मई से 6 जून तक आयोजित किया जा रहा है। निशुल्क शिविर में वरिष्ठ रंगकर्मियों द्वारा बच्चों व युवाओं की प्रतिभा को तराशा जा रहा है।

- बीएमवाय चरौदा मिश्रित स्कूल में रेलवे का बीस दिवसीय सांस्कृतिक शिविर



आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट बीएमवाय व मिश्रित हायर सेकंडरी स्कूल की सहभागिता से कार्मिक विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग की पहलकदमी से आयोजित किया जा रहा है। उदघाटन मुख्य अतिथि प्रसन्ना आर लोध कार्यकारी अध्यक्ष रेलवे इंस्टीट्यूट, विशेष अतिथि डी विजय कुमार मंडल समन्वयक रेलवे मजदूर कांग्रेस ने किया। मुख्य अतिथि ने आयोजन व बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि पैरेंट्स बहुत जागरुक है। सही मार्गदर्शन से बच्चे मनचाहे फील्ड में नाम व पैसे दोनों अर्जित कर सकते हैं। शिविर में कला साहित्य अकादमी छग वरिष्ठ कलाकार प्रशिक्षक शक्तिपद चक्रवर्ती,मणिमय मुखर्जी, वरुण चक्रवर्ती, गौतम शील, बबलू बिस्वास, बाली, गौतमी चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, पार्थ चक्रवर्ती, सारथी चक्रवर्ती द्वारा विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में रेलवे कर्मियों व गैर रेलवे कर्मियों के 75 महिला ,युवाक व बच्चे नृत्य,गायन, नाटक, ड्राइंग पेंटिंग आदि में प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर में रेलवे के फरीदी निसार अहमद, बीडी प्रसाद, बलवंत शर्मा, बाबू राव, केसरी बाग,अतनू मुखर्जी, राबर्ट जोसेफ, प्रीति राज वैद्य, प्राचार्य, डी लक्ष्मी योगदान दे रहे हैं।

# पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड संधारण नहीं होने पर बिफरी रिसाली महापौर



- स्टेशन मरोदा की समस्या से रूबरू हुई महापौर शशि

**भिलाई।** शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा ली। महापौर शशि शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले एजेंसी को तलब कर तत्काल सड़क ठीक कराए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास समेत पार्षद गजेन्द्री कोठारी, निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### नागरिकों ने महापौर के समक्ष रखी मांग

राम वर्मा के घर से संतोषी साहू के घर तक नाली निर्माण, तिरंगा चौक में ग्रील लगाने की मांग, सुलभ शौचालय के पास नाली निर्माण, शिव पारा में प्रकाश व्यवस्था बेहतर के साथ-साथ विद्युत तार की व्यवस्था, लो प्रेशर की शिकायत का निराकरण, तिरंगा चौक में मंच निर्माण।

# युवाओं को दिया लाइट मोटर वाहन प्रशिक्षण

- बीएसपी के सीएसआर विभाग की पहल

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजनाओं के अंतर्गत रावघाट खदान क्षेत्र के युवाओं के लिए आयोजित लाइट मोटर वाहन (एलएमवही) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में नवा रायपुर स्थित "इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में आयोजित किया गया। कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार औरौ महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट ने क्रियान्वित किया। खोड़गांव पंचायत के अंतर्गत आने वाले अंजरेल, परलाभाट, सुपगांव और खोड़गांव गांवों के पहले शिविर में 30 युवाओं ने भाग लिया। दूसरे चरण में भैयासालेभाठ, फूलपाड़, छोटे जैतपुरी, पल्लेकसा, भैसगांव, अटुबेंड़ा, निबरा, कुम्हारी, घोटिया, कोलार, पादरगांव, कोसरोड़ा, सत्तीघाट, तालाबेड़ा और माड़पा गांवों से 25 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह में सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार मिश्रा और अजय कुमार यादव, मोरध्वज और प्रदीप कोठारी उपस्थित थे।

## जवाहर मार्केट व्यापारी संघ के सहयोग से कराया

# कुलियों ने कहा, की-पेड फोन से नहीं देख पाते ट्रेनों का रनिंग स्टेटस विधायक ने दिलाया 5-जी मोबाइल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अपने कामों की वजह से लगातार चर्चा में रहने वाले वैशालीनगर विधायक ने गुरुवार को दुर्ग रेलवे स्टेशन के 23 कुलियों को 5-जी मोबाइल गिफ्ट में दिया। रिकेश अपने क्षेत्र के भक्तों को वैष्णोदेवी दर्शन को जाने के लिए स्टेशन छोड़ने पहुंचे थे। इस दौरान कुलियों ने उन्हें घेर लिया और अपनी समस्याएं बताई। कुलियों ने कहा कि आपने दुर्ग अधिवक्ता संघ की मदद की, उन्हें गर्मी से बचने के लिए एसी उपलब्ध कराया। हम कुली पिछले लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। वर्तमान समय में स्मार्ट फोन समय की डिमांड है, लेकिन हम आज भी की-पेड फोन चला रहे हैं। इससे उन्हें ट्रेनों की रनिंग स्थिति का पता नहीं चल पाता। इस पर रिकेश सेन ने जवाहर मार्केट व्यापारी संघ को फोन किया, उनसे कुलियों के लिए मदद मांगी। इसके बाद कुलियों को 5-जी सैमसंग कंपनी का फोन उपलब्ध कराया गया। खबर है कि फोन की कीमत करीब 20 हजार रुपए है। इस प्रकार 4.60 लाख रुपए का इंतजाम कर कुलियों को एन्ड्राइड फोन दिलाया। कुलियों ने विधायक से पीएफ-पेंशन की सुविधा से जुड़ी मांग भी रखी, जिस पर रिकेश ने इसे लेकर केंद्र और राज्य शासन को अवगत कराने की बात कही।

## पेज 11 के शेष

### खान-पान संबंधी ...

बात एक अन्य बालक मितांशु साहू की माता को भी बताया तो वह भी प्रेरित होकर कार्यकर्ता द्वारा बताए गए इन समझाईस का पालन करने लगी अभी मितांशु को सामान्य में आने के लिए सिर्फ 200 ग्राम की जरूरत है। इस प्रकार परिवारों की प्रेरणा से अन्य परिवार भी अपने बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए एक जुट हो रहे है ।

### सुशासन शिविर समस्याओं के ...

को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भरर आयोजित शिविर सफलता की कहानी बया कर रही है। जिला पंचायत जल मिशन सभापति कल्पना नारद साहू के मार्गदर्शन में मोर गांव मोर पानी जल संरक्षण का शपथ ग्रहण हुआ। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू की टीम सक्रिय रही।

### चंद्रनाहूं कुर्मी समाज का ...

पठन एवं अनुमोदन प्रदेश अध्यक्ष श्री विनोद चन्द्राकर का उद्बोधन, भगवान श्रीरामचन्द्रजी के आरती पश्चात समापन द्वितीय दिवस - प्रथम सत्र मुख्य अतिथि श्री विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन अतिविशिष्ट अतिथि माननीय श्री ओ.पी.चौधरी जी वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री छ.ग. शासन माननीय श्री टंक राम वर्मा जी राजस्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन माननीय श्री विजय बघेल जी सांसद-दुर्ग लोकसभा माननीय श्री ललित चन्द्राकर जी विधायक दुर्ग ग्रामीण, (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) माननीय श्री अजय चन्द्राकर जी पूर्व मंत्री, विधायक-कुरुद श्री गजेन्द्र यादव जी विधायक-दुर्ग शहर माननीया श्रीमती अलका बघमार जी महापौर- नगर पालिक निगम, दुर्ग अध्यक्षता माननीय श्री विनोद चन्द्राकर जी अध्यक्ष-चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश विशिष्ट अतिथि- मान. श्री चन्द्रहास चन्द्राकर जी अध्यक्ष-बीज एवं कृषि विकास निगम होंगे। यह जानकारी दुर्ग राज के अध्यक्ष प्रदीप कुमार चन्द्राकर ने दी।

### समाधान शिविर में ...

उसी दौरान ऐसी घटनायें सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं,कानून व्यवस्था बदहाल है, किसान त्रस्त हैं, समय पर उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर कांग्रेस पाटएँ सड़क से सदन की लड़ाई लड़ने तैयार है। ज्ञापन सौंपने वालो मे जनपद सदस्य दीपक साहू, रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच खोमलाल साहू, महेंद्र साहू सहित क्षेत्र के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### 220/132 केवी बिजली उपकेंद्र ...

ऊंचाई दी है। उल्लेखनीय है कि इस उच्चदाब उपकेंद्र के बनने से सुरेगांव, देवरी, डौंडीलोहारा, भंवरमरा, रेंगाडबरी, जेवरतला, संबलपुर व खामभाट समेत दर्जनों गांवों के 5,639 कृषि उपभोक्ता, 196 औद्योगिक इकाइयां और लगभग 42,000 घरेलू उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी उन्होंने आगे कहा कि बालोद ही नहीं, बल्कि डोंगरगांव, राजनांदगांव, दुर्ग, मोहला-मानपुर, कांकेर तक इस परियोजना का असर होगा। भाजपा सरकार ने जिस तरह दो वर्षों में इस प्रोजेक्ट को पूरा करने का संकल्प लिया है, वह बताता है कि 'काम की राजनीति' ही हमारा एजेंडा है। देशमुख ने इसे मुख्यमंत्री की प्रभावशाली नेतृत्व शैली और टीम भाजपा की जनसमर्पित नीतियों का परिणाम बताया। इस घोषणा से डौंडीलोहारा ब्लॉक समेत बालोद जिला ऊर्जा-सम्पन्न, कृषि समर्थ, और औद्योगिक रूप से सक्षम क्षेत्र के रूप में तेजी से उभरेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने अंत में कहा कि "भाजपा का एक ही लक्ष्य है जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। यही सुशासन है, यही भाजपा का संकल्प है।

### कुरदी व गुरुर धनोरा में ...

धनोरा, पेंवरो, घोघोपुरी, तारएँ, धोबनपुरी के निवासी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का आयोजन निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जाएगा।


|| जय देवांगन ||
|| जय मां परमेश्वरी ||
|| जय महाजन ||
प्रदेश देवांगन कल्याण समाज (छ.ग.) पं.क्र. 2338
देवांगन महाकुंभ
01 जून 2025
सामाजिक आस्था का महासंगम
कार्यक्रम में आप समस्त अथियों का हार्दिक
स्वागत वंदन अभिनंदन
स्थान- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम साइंस कॉलेज मैदान
जी.ई.रोड़ रायपुर छत्तीसगढ़
मुख्य अतिथि
मान. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
विशेष अतिथि
मान. लखन लाल देवांगन जी
केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भगवती प्रसाद देवांगन
अध्यक्ष
मुकेश देवांगन
प्रदेश महासचिव
चंद्रिका प्रसाद देवांगन
प्रदेश कोषाध्यक्ष
रवि देवांगन
प्रदेश संगठन मंत्री
विशेष अतिथि
मान. किरण सिहदेव जी
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़
पोषण लाल देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
महेन्द्र देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष
मनोहर देवांगन
प्रदेश युवा अध्यक्ष
किरण देवांगन
प्रदेश महिला अध्यक्ष
अध्यक्षता
प्रदीप देवांगन
प्रदेश अध्यक्ष
विनीतः प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छ.ग. (पंजीयन क्र. 2338)

## खबर संक्षेप



### जोरातराई में स्वच्छता अभियान, बारिश से पहले गांव में सफाई

**बालोद।** कलंगपुर स्वच्छ भारत मिशन के तहत गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत जोरातराई मे बारिश शुरुआत होने के पूर्व गांव के राम जानकी स्वसहायता समूह के सदस्यों सहित सरपंच बृजलाल साहू, उपसरपंच चन्द्रशेखर साहू एवं सभी पंचगणों के उपस्थिति मे ग्राम के हृदय स्थल बाजार चौंक, रामजानकी मंदिर परिसर एवं गांव के चौंक चौराहे सहित विभिन्न स्थलों की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह के अध्यक्ष कुलेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच रेणुका ठाकुर, समाज सेवी कौशिक साहू, गोविंद चन्द्राकर, धनेश कौशिक, रोजगार सहायक कुमारी रुखमणी साहू, सचिव बीरेन्द्र साहू, भुखाराम धीवर, जानकी बाई, किरण ठाकुर, रिला, गोवर्धन, कामता, मोतिम, गोदावरी, गायत्री, हेमबाई, तेजेश्वरी, खेमिन सहित समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### गोंड़ महासभा बालोद की बैठक एक जून को अर्जुन्दा में आयोजन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गोंण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का मासिक बैठक 1 जून को दोपहर 12 बजे अर्जुन्दा स्थित कोशरिया भवन के पास शीतला मंदिर प्रांगण में रखी गई है। जिसमें जिला महाधिवेशन का आयोजन एवं रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाने के विषय में पुनः चर्चा किया जावेगा। उक्त बैठक में जिला स्तर समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुडरदेही, डौंडीलोहारा, दल्लीराजहरा, डौंडी व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, सभी मुड़ादार, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी को उपस्थित होने के लिए अपील जिलाध्यक्ष तिरुमाल प्रेमलाल कुंजाम ने की है।

### खरीफ के लिए तैयारी जारी कृषि विभाग ने दी सलाह

**बालोद।** कृषि विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए जिले के किसानों को सामयिक सलाह दी गई है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिले के कृषकों द्वारा खरीफ वर्ष 2025 में फसल बोआई की तैयारी चल रही है। खेती करने वाले अधिकतर ऋणी कृषक है जो उर्वरकों का उठाव सहकारी समिति के माध्यम से करते हैं। अतः शासन द्वारा सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों को उर्वरकों का आबंटन अनुपात 60:40 के स्थान पर 70:30 किया गया है। शासन द्वारा जिले के लिए कुल उर्वरक भण्डारण हेतु संशोधित लक्ष्य 54037 मी.टन. निर्धारित किया गया है। जिसके विरूद्ध अबतक 26471 मी.टन (49 प्रतिशत) का भण्डारण हो चुका है, जो गत वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत कम है। जिले के कृषकों द्वारा अब तक 16862 मी.टन (31 प्रतिशत) का उठाव किया जा चुका है। खरीफ वर्ष 2025 डी.ए.पी. उर्वरक की आपूर्ति कम होने की संभावना है, अतः डीएपी उपलब्ध न होने पर अन्य एन.पी. के वैकल्पिक उर्वरक 12:32:16, 20:20:0:13, 28:28:0, 16:16:16 इत्यादि के माध्यम से आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति किया जा सकता है। वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करके फसलों के अनुरूप आवश्यक तत्वों का संतुलन बनाया जा सकता है।

## जायजा

### कलेक्टर ने बच्चों को खूब पढ़ाई-लिखाई एवं निरंतर ज्ञानार्जन की सीख दी

# दिव्यांग बच्चों का आश्रय घरौंदा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के समीप स्थित 'अपना घर' वृद्धाश्रम एवं जिला मुख्यालय बालोद के जयस्तंभ चौक में स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का आश्रय स्थल घरौंदा का निरीक्षण कर वहाँ के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम एवं घरौंदा में निवासरत बच्चें एव बुजुर्ग कलेक्टर मिश्रा के मधुर एवं आत्मीय व्यवहार से बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। इस मौके पर अपर कलेक्टर नूतन कंवर, उप संचालक समाज कल्याण विभाग अजय गेडाम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के समीप स्थित 'अपना घर' वृद्धाश्रम में पहुँचकर वहाँ के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। श्रीमती मिश्रा ने 'अपना घर' वृद्धाश्रम में पुरूष एवं महिला वृद्धजनों के लिए अलग–अलग बनाए गए कक्ष में पहुँचकर वृद्धजनों का हालचाल जाना। उन्होंने वृद्धजनों के साथ खाट में बैठकर उनका कुशलक्षेम की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने वृद्धजनों को वृद्धाश्रम में उन्हें प्रतिदिन प्रदान की जाने वाली भोजन, नाश्ता, शुद्ध पेयजल, इलाज एवं मनोरंजन आदि के सुविधाओं के अलावा वृद्धाश्रम में शौचालय एवं स्नानागार की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव और ज्योति, चमेली एवं बेला बाई से बातचीत कर उनके तबीयत के अलावा आज उन्हें मिले भोजन एवं नाश्ते के संबंध में भी जानकारी ली। वृद्धजनों के द्वारा 'अपना घर' वृद्धाश्रम में उन्हें मिलने वाले भोजन, नाश्ता एवं अन्य सुविधाओं को बेहतर बताया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने समाज कल्याण विभाग के उप संचालक से 'अपना घर' वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए कुल सीट तथा वर्तमान में यहाँ निवासरत वृद्धजनों की संख्या की जानकारी ली। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि 'अपना घर' वृद्धाश्रम में वर्तमान में कुल 15 सीट है जिसमें कुल 12 वृद्धजन निवासरत है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बुजुर्ग महिलाओं के कक्ष में पहुँचकर वहाँ निवासरत बुजुर्ग महिला सपना भद्रा एवं अन्य बुजुर्ग महिलाओं से उनका हालचाल पूछा। कलेक्टर मिश्रा से बात करते समय कलेक्टर के स्नेहिल व्यवहार एवं अपनापन के कारण बुजुर्ग सपना भद्रा की आँखे सजल हो गई। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने 'अपना घर'



वृद्धाश्रम के रसोई एवं भण्डार कक्ष, बैठक कक्ष आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धाश्रम के रसोई कक्ष में वृद्धजनों के लिए बनाए जा रहे भोजन का भी अवलोकन किया। मिश्रा ने वृद्धाश्रम के कर्मचारियों को वृद्धाश्रम में साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था करने तथा वृद्धाश्रम परिसर में पौधरोपण करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मौके पर उपस्थित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को चलने–फिरने में असमर्थ बुजुर्गों की फिजियोथेरेपी आदि कराने के भी निर्देश दिए।

### खेलकूद और भोजन प्रबंध की जानकारी ली

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जय स्तंभ चौक बालोद में स्थित 18 वर्ष से अधिक की आयु के मानसिक दिव्यांग बच्चों के आश्रय स्थल 'घरौंदा' में पहुँचकर वहाँ के व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मिश्रा ने वहाँ निवासरत बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई–लिखाई, भोजन, नाश्ता, मनोरंजन, आवास आदि की व्यवस्था के अलावा उनके अभिरूचि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मानसिक दिव्यांग बच्चों को सामान्य जानकारी प्रदान करने हेतु दीवाल में प्रदर्शित की गई फलों के नाम एवं अन्य जानकारियों के संबंध में भी पूछताछ की। कलेक्टर ने दिव्यांग बच्चों से बातचीत कर घरौंदा आश्रय गृह के परिवेश एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की संतुष्टि के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने घरौंदा आश्रय गृह के मनोरंजन कक्ष में पहुँचकर बच्चों के द्वारा बनाए गए पेंटिंग एवं अन्य कलाकृतियों का अवलोकन कर इसकी सराहना की।

कलेक्टर ने बच्चों को खूब पढ़ाई–लिखाई एवं निरंतर ज्ञानार्जन की सीख दी। मिश्रा ने घरौंदा आश्रय गृह के रसोई एवं भण्डार कक्ष के अलावा शौचालय एवं स्नानागार आदि का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा घरौंदा आश्रय गृह में निर्मित स्वालंबन केन्द्र का अवलोकन कर वहाँ के गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने घरौंदा आश्रय गृह में निवासरत बच्चों को फल, बिस्किट एवं अन्य खाद्य सामग्री भी प्रदान किया।

# जैन श्री संघ व उदयाचल आई हॉस्पिटल ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण का आयोजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जैन श्री संघ बालोद एवं उदयाचल आई हॉस्पिटल राजनांदगाँव के संयुक्त प्रयास से बालोद जिला को मोतियाबिंद जिला बनाने के इस वृहद मुहिम में ग्राम झलमला गंगा मैया मंदिर प्रांगण तथा ग्राम पंचायत दुधली शिशु मंदिर में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें लगभग दोनो शिविर स्थलों से 370 से अधिक लोगो ने अपने आंखो का जांच कराया नेत्र जांच के दौरान लगभग 40 लोगो मे मोतियाबिंद होने की पुष्टि हुई, जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतू राजनांदगांव उदयाचल नेत्र चिकित्सालय आने को कहा गया है। जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन के अलावा दवा एवं चश्मा रहने भोजन इत्यादि की व्यवस्था भी की जाएगी। नेत्र जांच परीक्षण के दौरान जैन श्रीसंघ की युवा वाहिनी, जैन युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा भीषण गरमी को देखते हुए पक्षियों के दाना, पानी हेतू मिट्टी के सकोरे मरीजों को बांटे गए एवं सभी से अनुरोध किया गया कि वह सभी इन सकोरो को अपने घर की छत और आंगन पर पानी एवं दाना डालकर रखे ताकि प्यास या भूख से किसी पक्षी की जान ना जाये। उक्त नेत्र परीक्षण के इस आयोजन मे जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला, संरक्षक हरीश सांखला, गंगा मैया मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख सोहनलाल टावरी, चेतन ढेलडीया, सचिव मांगीलाल ढेलडीया, उपाध्यक्ष मुकेश भंसाली, कोषाध्यक्ष प्रकाश भंसाली, प्रदीप चोरडिया, लक्की लोढा, मीडिया प्रभारी विनोद श्रीश्रीमाल, शुभम नाहटा, शुभम , ग्राम दुधली के उपसरपंच मोहित देशमुख, डामेश्वर देशमुख, संदीप नाहर, भूपेंद्र धनकर, गेंदसिंह देशमुख, जफर तिगाला का विशेष सहयोग रहा।

# रजोली शिविर में राशन, श्रम, जॉब कार्ड, आवास स्वीकृति पत्र, खाद-बीज एवं कीटनाशक वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रजोली में आयोजित समाधान शिविरों में शामिल लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। इसी कड़ी में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रजोली में ग्राम चारभाठा, पेण्डरी, कलंगपुर, बोरगहन फु, बोदल, मोखा, परसदा मो, कजराबांधा, बरबसपुर, खपरी ब, कुथरेल,

- **चारभाठा, पेण्डरी, कलंगपुर, बोरगहन फु, बोदल, मोखा, परसदा मो, कजराबांधा, बरबसपुर, खपरी ब, कुथरेल, अचौद, भूसरेंगा, सतमरा के ग्रामीण लाभान्वित**

अचौद, भूसरेंगा, सतमरा के ग्रामीण समाधान शिविर में शामिल हुए। सुशासन तिहार के अवसर पर गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम रजोली के शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गुण्डरदेही पुरूषोत्तम लाल चन्द्राकर, उपाध्यक्ष नितिश मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य रामेश्वर चन्द्राकर, दीपक कुमार साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के पहले चरण के ग्राम कुसुमकसा कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायतों के लोगों के द्वारा प्रस्तुत किए गए 4477 एवं ग्राम रजोली कलस्टर में शामिल लोगों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 4733 आवेदनों का परीक्षण के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज आयोजित शिविरों में हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल प्रदान किया गया। इसके अलावा शिविर में अनेक हितग्राहीमूलक योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

इस दौरान शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान कर उनके गोद भराई रस्म और नन्हें–मुन्हे बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्रासन संस्कार को भी पूरा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम स्थल में पौधरोपण भी किया। इसके साथ ही अतिथियों ने जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर के मद्देनजर जल संरक्षण के उपाय तथा इनके संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलाई।

इसी प्रकार आज ग्राम रजोली में आयोजित समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभाग के अधिकारियों के द्वारा सुशासन तिहार के ऊर्जा विभाग को 127, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को 215, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 3239, महिला एवं बाल विकास विभाग को 116, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को 252, समाज कल्याण विभाग को 398 सहित कुल 4733 आवेदन मिलने की जानकारी दी गई। सभी विभाग के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरान्त सभी आवेदनों की निराकरण करने की जानकारी दी गई।

### जिम ट्रेनर ने लगाई फांसी कमरे में मिली लाश

**भिलाई।** एक जिम ट्रेनर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम विकास धनी (30 वर्ष) बताया गया है। बताया जाता है कि मृतक पिछले 4 साल से एक युवती के साथ लिव इन में रह रहा था। युवती एक महीने पहले ही असम चली गई। इससे विकास काफी व्यथित था। बहरहाल स्मृतिनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू कर दी है। विकास अपने माता पिता से अलग रहता था। आरके फिटनेस सेंटर में बतौर ट्रेनर काम करता था। आखिरी बार 26 मई का रात उसने अपने पापा से बात की थी। घटना के बाद परिजन मृतक के जुनवानी स्थित चौहान टाउन फ्लैट में पहुंचे। अंदर किसी तरह देखा तो पता चला कि युवक ने खुदकुशी कर ली है। स्मृति नगर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने घर को सील कर दिया है।

# यादव समाज ने जनसंख्या के अनुपात पर प्रतिनिधित्व मांगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिला संगठन ठेठवार यादव समाज के द्वारा कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम यादव समाज को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व के लिए ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में यादवों की जनसंख्या अन्य पिछड़े वर्ग में दूसरे नंबर पर होने बावजूद राज्य के विभिन्न आयोग, मंडल और निगम में यादव समाज के किसी भी व्यक्ति को कोई सम्मानजनक पद से सम्मानित नहीं किया जाता है और राज्य में जिनकी जनसंख्या कम है उन्हें इन विभिन्न आयोग में पद दिया जाता है। यह समाज को उपेक्षित करने वाली बात है।

जिसके विरोध में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के यादवों के द्वारा आज मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अपने–अपने जिले के कलेक्टर महोदय को सौपा गया। इसी क्रम में कलेक्टर बालोद को जिला संगठन ठेठवार यादव समाज बालोद के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला संगठन के अध्यक्ष उत्तम यादव, महासचिव बलदेव यादव, कार्यालय सचिव रामस्वरूप यादव, अंकेक्षक पवन यादव, प्रवक्ता नंदकिशोर यादव, सलाहकार लखन लाल यादव, लोहारा राज अध्यक्ष केशव यादव, गुण्डरदेही राज घनश्याम यादव, बालोद राज अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश यादव, महासचिव एलेंद्र यादव कोषाध्यक्ष हेमंत यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिपं अध्यक्ष ने पूजा कर कार्यालय में किया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने अपने नवीन जिला पंचायत कार्यालय में विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यालय प्रवेश किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे जिला पंचायत सदस्य, विभिन्न जनपदो के अध्यक्ष एवं सरपंच, भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा हम सब मिलकर जिले को विकसिक जिला बनाएंगे जिले मे कोई भी पात्र व्यक्ति ऐसा न रहे जो शासन की योजनाओ से वंचित न रहे। हम सबको अपने गांव से विकसिक गांव, पंचायत, जिला बनाना है, जब हमारा जिला विकसित होगा तब प्रदेश भी विकसित होगा। गांव मे विकास कार्य की गति तेजी करनी है, अपने अपने गांव मे प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड सहित सभी योजनाओ के पात्र हितग्राहीयो को चिन्हांकित कर उन्हे शासन ही योजनाओ से लाभांन्वित करने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, यशवंत जैन, पवन साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, राकेश छोटू यादव, अश्वनी यादव, अभिषेक शुक्ला, मोहन जैन, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, लाल निवेन्द्र टेकाम, प्रदीप साहू, कुंती देवांगन, जनपद अध्यक्ष गण पुरषोत्तम चन्द्राकर, मुकेश कौडों, सुनीता संजय साहू, सरस्वती तेमारिया, कांति सोनबरसा, वरिष्ठ मे छगन देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, जगदीश देशमुख, नरेश यदु, मनीष झा, सौरभ लुनिया, शाहिद खान, सुरेंद्र देशमुख, हरीश कटझरे, टीनेश्वर बघेल, प्रेम साहू, अकबर तिगाला, मुस्ताक अहमद, मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, प्रकाश सिन्हा, विश्वास गुप्ता, खेमलाल देवगन, तुकेश्वर पांडेय, आनंद शर्मा, धर्मेंद्र साहू, अरुण साहू, रामेश्वर साहू, योग्रन्द्र सिन्हा, सुरेश साहू, विवेक वैष्णव, कुसुम शर्मा, योगेंद्र सिन्हा, रूपेश नायक, रूपेंद्र सिन्हा व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वर्षा पूर्व पालिका ने छोटी-बड़ी नालियों की कराई साफ-सफाई



**दल्लीराजहरा।** आगामी वर्षा ऋतु के मद्देनज़र नगर पालिका द्वारा शहर की सभी बड़ी और छोटी नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शहर में जलभराव की समस्या से बचने के लिए विशेष पहल के तहत जेसीबी मशीनों की मदद से मुख्य नालों की सफाई की जा रही है। सफाई कार्य में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है, जिससे नगरवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है। दल्लीराजहरा नगर पालिका की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वर्षा पूर्व सभी नालियों और जल निकासी मार्गों की समय पर सफाई पूरी हो। संबंधित विभागों को साफ-सफाई के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बारिश के दौरान जलजमाव जैसी समस्याओं से बचा जा सके। नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे नालियों में कचरा फेंकने से बचें और स्वच्छता में सहयोग करें। साफ-सुथरा दल्लीराजहरा तभी संभव है जब जनभागीदारी के साथ नगर प्रशासन मिलकर कार्य करें। साथी हाथ बढ़ाना साथी रे की तर्ज पर हर किसी को सहयोग करना होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411